इंद्राणी समारोह में झलकी नारी शक्ति और लोक संस्कृति की विविध रंगत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आयोजित तीन दिवसीय 'इंद्राणी समारोह' में महिलाओं की सृजनात्मकता, लोक परंपराओं और नारी शक्ति की विविध अभिव्यक्तियाँ मंच पर देखने को मिलीं। 10 से 12 मार्च तक आयोजित इस समारोह का समापन गुरुवार को होगा।

कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

समारोह के दूसरे दिन बुधवार को भक्ति संगीत, शास्त्रीय नृत्य और लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तरप्रदेश की आस्था गोस्वामी और उनके साथियों के भक्ति गायन से हुई। उन्होंने देवी स्तुति से जुड़े कई भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद दिल्ली की ऋतुश्री चौधरी और उनके साथियों ने कथक शैली में 'शक्ति रूपेण' नृत्य प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के माध्यम से नारी के विभिन्न रूपों और उसकी सृजन, संरक्षण तथा परिवर्तन की शक्ति को दर्शाया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड का पारंपरिक नौरता नृत्य सागर की दूर्वा नामदेव और साथियों ने प्रस्तुत किया, जिसमें नवरात्रि के दौरान कुंवारी कन्याओं द्वारा किए जाने वाले अनुष्ठान और लोक परंपराओं की झलक दिखाई गई। इसके अलावा छिंदवाड़ा की अंकिता और उनके साथियों ने भारिया जनजाति का सैताम नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें महिलाएं मंजीरे की ताल पर गोल घेरे में नृत्य करती हैं। गुजरात से आई मीति हसमुखराय और उनकी टीम ने पारंपरिक गरबा और टिपणी नृत्य की प्रस्तुति दी, जबकि महाराष्ट्र की श्रद्धा सतविदकर और साथियों ने लावणी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को उत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कलाकारों के स्वागत से हुई, जिसमें डॉ धर्मेंद्र पारे ने कलाकारों का स्वागत किया।

समारोह के अंतिम दिन भोजपुरी गायन, कुच्चिपुड़ी, भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम, जघरणा, बीहू और मटकी नृत्य की प्रस्तुतियाँ होंगी। संग्रहालय प्रशासन ने इस सांस्कृतिक आयोजन में आम नागरिकों को भी आमंत्रित किया है। समारोह में प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है।

एनआईटीटीटीआर और नेपाल इंजीनियरिंग काउंसिल के बीच एमओयू

भोपाल। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल और नेपाल इंजीनियरिंग काउंसिल (एनईसी) के बीच इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान इंजीनियरिंग संकाय के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, पाठ्यक्रम विकास, शिक्षण नवाचार, गुणवत्ता आश्वासन तथा अक्रीडिटेशन प्रक्रियाओं में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी और नेपाल इंजीनियरिंग काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. डॉ. पद्म बहादुर शाही ने औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के माध्यम से निटर भोपाल नेपाल में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए नीतियों, योजनाओं और आवश्यक मानकों के निर्माण में भी सहयोग करेगा।

सजेगा अवधी स्वाद का दरबार, फूड फेस्टिवल में दिखेगा आईएचएम के युवाओं का हुनर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) में आगामी 13 मार्च से तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल सागारा 3.0 – जाम-ए-अवध शुरू होने जा रहा है।

पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस उत्सव में नवाबी दौर के शाही व्यंजनों, जैसे गलावटी कबाब और टिक्का का सीधा लुत्फ उठाया जा सकेगा। इस फेस्टिवल मे अवध के शाही व्यंजनों को बनाने के लिए किसी प्रोफेशनल शेफ की मदद नहीं ली जाएगी बल्कि प्राचार्य के मार्गदर्शन मे आईएयएम के युवा शेफ उसे खुद बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन करेंगे।

लाइव कुकिंग के साथ सूफी संगीत और लखनवी तहजीब इस शाम को खास बनाएंगे।फूड फैस्टिवल को लेकर प्राचार्य डॉ. रोहित सरीन ने बताया,कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य युवाओं को अवधी व्यंजनों की जानकारी देना और उनकी पाक कला को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल न केवल युवाओं के लिए बल्कि भोपाल के लोगों के लिए भी एक अच्छा अवसर होगा।

एम्स में कला प्रदर्शनी के जरिए मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ समग्र स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल (एम्स भोपाल) में चार दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

यह प्रदर्शनी एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र और इलस्ट्रेशन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। आयोजन का उद्देश्य कला के माध्यम से सकारात्मकता, रचनात्मकता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना है।

प्रदर्शनी का आयोजन एम्स भोपाल परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार के चारों ओर स्थित प्रदर्शनी दीर्घा में किया गया है। इसमें एम्स भोपाल के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न पेंटिंग, स्केच और रचनात्मक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इन कलाकृतियों के माध्यम से जीवन में सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन और मानसिक संतुलन का संदेश दिया गया है। प्रदर्शनी का उद्घटन संस्थान के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ डॉ. माधवानन्द कर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कला व्यक्ति की भावनाओं को अभिव्यक्त करने का प्रभावी माध्यम है और यह मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक होती है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और कर्मचारियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में उप निदेशक-प्रशासन संदेश कुमार जैन, डीन-अकादमिक प्रो. डॉ. रजनीश जोशी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. विकास गुप्ता, प्रो. डॉ. बालकृष्णन एस, प्रो. डॉ. राजकुमार पाटिल, प्रो. डॉ. रतिंदर झज और डॉ. बृजेश कुमार सहित कई संकाय सदस्य उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के पहले तीन दिन प्रात: 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी, जबकि अंतिम दिन 14 मार्च को इसका समापन दोपहर 12:30 बजे किया जाएगा।

सरोजिनी नायडू कॉलेज में 'परीक्षा की तैयारी और तनाव प्रबंधन' पर व्याख्यान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 11 मार्च को छात्राओं के लिए 'परीक्षा की तैयारी और तनाव प्रबंधन' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को परीक्षा के दौरान तनाव से मुक्त रहकर बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित करना था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक 'कर्म किए जा, फल की इच्छा मत कर' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परिणाम की चिंता छोड़कर अपने कार्य और पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही युवाओं में बढ़ते तनाव के दुष्परिणामों से आगाह करते हुए ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कुसुम माथुर और मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष रलावनिया ने छात्राओं को परीक्षा की बेहतर तैयारी और मानसिक तनाव से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गौड़, कार्यक्रम की संचालक डॉ. प्रीति पचौरी सहित विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम से लगभग 250 छात्राएँ लाभान्वित हुईं।

नवोन्मेष 2026 में इंटरनेशनल एआई कॉन्फ्रेंस का आगाज

8 देशों के विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : मध्य भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में नवोन्मेष 2026 के तहत इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का आयोजन 12 और 13 मार्च को किया गया।

दो दिवसीय सम्मेलन में भारत सहित सिंगापुर, जर्मनी, मलेशिया, यूएई, कोसोवो, वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक, शोधार्थी और उद्यमी एआई के विविध आयामों पर चर्चा कर रहे हैं।

सम्मेलन में कोर एआई टेक्नोलॉजी, एआई इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एआई इन सोसाइटी एंड गवर्नेंस, क्रॉस कटिंग इश्यूज और एआई इन डिफेंस जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान और रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, डीआरडीओ, एनआईटी रायपुर और आईआईएसईआर भोपाल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं।उद्घाटन सत्र में आईसेक्ट समूह के चेयरमैन संतोष चौबे, एनआईटीटीटीआर डायरेक्टर प्रो. चारू चंद्र त्रिपाठी, भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ श्यामबीर सिंह और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के बाद 14 और 15 मार्च को नवोन्मेष 2026 के अंतर्गत इनोवेशन फेस्ट की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। इसमें इनोमेकर (प्रोडक्ट शोकेस), प्लानएक्स (बिजनेस प्लान बैटल), बाइनरी बैटल (सॉफ्टवेयर हैकाथॉन), रोबो वॉरियर्स, कंट्रोलर क्लैश और क्रिएटिव लीग की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। 13 मार्च को आउटस्किल और ग्रोथ स्कूल के फाउंडर वैभव सिसिन्टी का विशेष सत्र 'हाउ टू विन इन द एआई रेस' आयोजित होगा। स्कोप यूनिवर्सिटी के अनुसार, इस आयोजन में 10,000 से अधिक छात्र, स्टार्टअप और उद्योग विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। प्रतियोगियों के लिए 5 लाख रुपये तक के पुरस्कार जीतने का अवसर भी होगा। डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि नवोन्मेष 2026 युवाओं को रचनात्मकता और तकनीकी नवाचार के लिए सशक्त मंच प्रदान करता है, जबकि कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने इसे एआई शोध और वैश्विक अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

सूडोकु नवताल- 7716

★☆☆☆☆ सरल

2		8	5	1	9	6		7
					8			1
		7	4	6		8		9
3	2				7			8
1		9		4		7		5
4			2				9	3
6		3		5	1	9		
8			3					
7		1	9	2	6	3		4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7715 का हल

7	1	9	8	5	3	2	6	4
4	5	3	6	2	9	7	1	8
6	2	8	4	7	1	9	5	3
9	8	2	7	3	5	1	4	6
1	3	6	9	4	8	5	7	2
5	7	4	1	6	2	8	3	9
8	4	7	5	9	6	3	2	1
3	6	1	2	8	7	4	9	5
2	9	5	3	1	4	6	8	7

काकुरो पहेली - 7389



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 7388 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8786



बाएँ से दाएँ

1.इच्छा,मन्नत-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3
28.तिजोरी-3
30.तरंग,हिलोर-3
32.गुंडा,बदमाश-3
35.अनुकृति-3
37.नाप करना-3
39.थोड़ा-2
40.उल्टी,कै-3
41.माँ के पिता-2

ऊपर से नीचे

1.सप्तम,सातवाँ-2
2.पृथ्वी,वसुंधरा-3
4.घ्राणेंद्रिय-2
5.वासना,लालसा-3
7.खुमार,सरूर-2
9.रनिवास (उर्दू-3)
11.चतुर,तेज-3
13.थकावट-3
15.नृत्य करना-3
16.कुल,खानदान,वंश-3
18.पुराना जुकाम-3
20.कटि,शरीर का मध्यांग-3
22.ईमानदस्ता-3
24.नकद राशि,रोकड़-3
27.जलने की क्रिया-3
29.रवानगी,विदा होना-3
31.राशि,धन-3
33.आलेप करना, पोतना-3
34.रहस्य-2
36.बुरी आदत-2
38.अनेक प्रकार-2

शब्द पहेली -8785 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7213



बायें से दायें:-

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मौं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१.'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7212

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7322

7		1	3			2
6	38		32	1	30	7
	4		5		6	
1	26	2	34	4	31	5
			6			3
	26	4	38	5	36	
5	1			7		4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7321 का हल

5	6	7	1	2	3	4
2	27	1	29	6	38	5
1	2	3	4	5	6	7
4	30	2	27	1	31	6
7	6	5	4	3	2	1
6	42	6	39	4	23	3
3	5	4	6	7	1	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8322

मु	हु	मे	रि	ह	आ	ल	म	आ	रा	म	
ग	खु	क	दू	म	जी	ने	शि	या	ड़	द	
ले	पी	जा	क	दि	ग	बा	द	ह	प	र	
आ	ग	ए	रा	ल	दे	व	दा	स	लि	इं	
ज	आ	रा	ल	दे	ब्लै	ला	कि	यो	प	डि	
म	इ	वा	मो	चु	प	क	शी	ह	गी	या	
न	अ	ल	रा	के	मा	जो	न	व	प	क्ति	
क	रि	ल	र	स	र	प्या	सा	ल	वि	रे	
र	या	बा	बे	न	न	ज	जी	व	जू	ड्डी	
र	ग	ल	नो	म	व	शि	का	री	क्त	ल	
बां	दो	बी	घा	ज	मी	न	स	सु	रा	ल	

शब्दजाल में दस बेहतरीन फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

मदर इंडिया,दो बीघा जमीन, आवारा, प्यासा, वक्त, आलमआरा,मुगले आजम, देवदास, हम दिल दे चुके सनम, ब्लैक,

शब्दजाल - 8321 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore